# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 19.11.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे सम्पन्न 30वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री अविनाश कृष्ण सिंह**<br>महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>(प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 राजीव कुमार**<br>प्रति कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>(मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री यशवन्त सिंह**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | **डा0 मुरलीधर राम गुप्ता**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **श्री एस0के0 कटियार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 10. | **प्रो0 ललित कुमार सिंह**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | विशेष आमंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता, सत्त शिक्षा एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 जी0एल0 देवनानी**<br>अधिष्ठाता,<br>स्कूल आफ केमिकल टेक्नॉलोजी | विशेष आमंत्री |
| 13. | **श्रीमती अंजू वर्मा**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मनीष गोस्वामी<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 12.09.2024 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में परिषद सदस्यों को अवगत कराया गया कि रिसर्च के क्षेत्र में अग्रणी योगदान हेतु विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत शिक्षकों में विश्वविद्यालय के 06 शिक्षकों (डा0 दान बहादुर पाल, डा0 नवीन कुमार गुप्ता, डा0 यशवीर सिंह, डा0 विवेक कुमार, डा0 सन्तोष कुमार तथा डा0 निशान्त सिंह) द्वारा स्थान प्राप्त किया गया, इस उपलब्धि हेतु उन्हें विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षान्त समारोह में मा0 कुलाधिपति द्वारा सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा IIRF Impact Award-2025 में Benchmark University for Technical Education प्राप्त करने के सम्बन्ध में कार्यपरिषद के सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया। यह भी अवगत कराया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में सभी प्रवेश सम्पन्न हो चुके है तथा कुल 1567 छात्रों द्वारा प्रवेश प्राप्त किया गया है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0टेक0, बायोटेक्नालॉजी एवं बी0फार्मा0 प्रारम्भ कर दिया गया है तथा शैक्षिक सत्र अपने टाइम टेबल के अनुसार संचालित है। दो मिड सेमेस्टर परीक्षायें व एक इण्ड सेमेस्टर का परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है। विश्वविद्यालय का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 27/09/2024 को सम्पन्न हो चुका है जिसमें 899 छात्रों को उपाधियॉ प्रदान की जा चुकी हैं। विश्वविद्यालय छात्रों के सेवायोजन हेतु 18 कम्पनियों द्वारा विजिट की गई है तथा 92 छात्रों का प्लेसमेन्ट हो चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा Cognavi India Pvt Ltd से एम0ओ0यू0 किया गया है जिससे छात्रों के प्लेसमेन्ट में भी सहायता मिल रही है। विश्वविद्यालय के नवनिर्मित इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग भवन का अवशेष कार्य विश्वविद्यालय निधि रू0 364.57 लाख से कराते हुये लोकार्पण हो चुका है जिसमें इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग स्थानान्तरित हो चुका है। विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग की छात्र संख्या के

आनुपातिक नई कक्षाओं की आवश्यकता के परिपेक्ष्य में 06 बडे कक्षा कक्षों/सेमिनार हाल के निर्माण हेतु आवास विकास परिषद् से प्रस्ताव मॉगा गया था जो रू0 5.98 करोड का है। विश्वविद्यालय द्वारा बीफार्मा प्रोग्राम के संचालन के लिये अलग से भवन हेतु सरकारी कार्यदायी संस्थाओं से आंगणन मॉगा गया है जिसे जनवरी 2025 तक बजट की स्थिति के अनुसार वित्त समिति के समक्ष लाया जायेगा। छात्रों के लिये बैडमिन्टन हाल बनाने हेतु आवास विकास परिषद् से आगणन प्राप्त किया गया है जिसे जनवरी 2025 तक बजट की स्थिति के अनुसार वित्त समिति के समक्ष लाया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा रिक्त शैक्षिक पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में प्रो0 ललित कुमार, आचार्य, बायोकेमिकल इंजी0 विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में बायोकेमिकल विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किये गयेः

1. विभाग के शिक्षकों द्वारा प्रकाशित शोध पत्रों की संख्या बढ़ायी जाए। प्रत्येक शिक्षक प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 01 शोध पत्र का प्रकाशन करायें।
2. विभाग के छात्रों के प्लेसमेन्ट में बढ़ोत्तरी हेतु प्रयास किये जाएं।
3. फूड टेक0 तथा बायो टेक्नालोजी का एक संयुक्त पाठ्यक्रम यथा एम0टेक0 इन फूड–बायो टेक्नालोजी प्रारम्भ किये जाने की संभावनाएं तलाशी जाएं।
4. रेवन्यू जेनेरेशन हेतु विभिन्न संस्थाओं/उद्योगों से वित्त पोषित प्रायोजित शोध परियोजनाएं प्राप्त की जाएं।

प्रस्तुतिकरण के उपरान्त 30वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 30.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 12.09.2024 को सम्पन्न 29वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 12.09.2024 को सम्पन्न कार्य परिषद की 29वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 30.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 12.09.2024 को सम्पन्न 29वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 12.09.2024 को सम्पन्न कार्य परिषद की 29वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतोष व्यक्त किया गया।

**मद सं0 30.03** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 14/11/2024 को सम्पन्न 22वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 14.11.2024 को सम्पन्न 22वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 30.04** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 18/11/2024 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 18.11.2024 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। उपरोक्त के साथ ही वित्त समिति की उक्त बैठक के मद संख्या 25.11 के अन्तर्गत 100 सीटेड छात्रावास के शेष निर्माण कार्यो को विश्वविद्यालय बजट से कराये जाने के क्रमच में यह निर्देश दिये गये हैं कि:

*"न्यूनतम दरें देने वाली मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर से निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लेने के अधीन मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर द्वारा पूर्व में विश्वविद्यालय के बाहर किये गये निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं अनुभव का परीक्षण करते हुए मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर द्वारा 100 सीटेड छात्रावास के शेष निर्माण कार्यो को विश्वविद्यालय बजट मद क्रमांक 28 से गुणवत्तापूर्ण किये जाने हेतु अनुरक्षण अनुभाग द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली संस्तुतियों के अनुसार मा0 कुलपति महोदय को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।"*

वित्त समिति के उपरोक्त निर्देशों के क्रम में कार्य परिषद के सम्मुख अनुरक्षण अनुभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अनुसार मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर निर्माण इकाईयों उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद एवं सी0 एण्ड डी0एस0 में ग्रुप ए श्रेणी की पंजीकृत फर्म है। मेसर्स इशिता कन्स्ट्रक्शन, कानपुर द्वारा वर्तमान में सी0 एण्ड डी0एस0 का लगभग रू0 40.00 करोड़ एवं उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद का कुल रू0 10.00 करोड़ का कार्य वर्तमान में किया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त फर्म के द्वारा संतोषजनक एवं गुणवत्तापरक कार्य के कई पत्र भी उपलब्ध कराये गये हैं। कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों पर सम्यक विचारोपरान्त उक्त छात्रावास के अवशेष कार्यो को मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर से कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 30.05** **विश्वविद्यालय के रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों को विज्ञापित करने हेतु विज्ञापन निर्गत किये जाने पर कार्यपरिषद के अनुमोदन पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा आचार्य के 10 पद, सह आचार्य के 11 पद एवं सहायक आचार्य के 03 रिक्त पदों तथा चिकित्साधिकारी के रिक्त 01 पद को विज्ञापित कर चयन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 30.06** **विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों हेतु विशेषज्ञों के नामों के पैनल पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक पदों तथा चिकित्साधिकारी के एक रिक्त पद हेतु स्क्रीनिंग समितियों तथा गठित होने वाली चयन समितियों हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची दिनांक 14/11/2024 को सम्पन्न विद्या परिषद की 22वीं बैठक के मद संख्या 22.08 के अन्तर्गत संस्तुत होकर प्राप्त हुयी है।

कार्यपरिषद द्वारा उक्त विशेषज्ञ सूची तथा अन्य पिछडा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों की सूची तैयार कर मा0 कुलाधिपति महोदय को प्रस्तुत किये जाने हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद/कुलपति को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 30.07** **परीक्षा नियंत्रक के विज्ञापित पद पर चयन हेतु चयन समिति के गठन एवं विशेषज्ञों के नामों के पैनल के अनुमोदन पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा परीक्षा नियंत्रक के रिक्त एवं विज्ञापित पद पर चयन हेतु मा0 कुलाधिपति महोदया को प्रेषित किये जाने वाले विशेषज्ञ पैनल पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया तथा विश्वविद्यालय के अन्य आचार्यो के चयन हेतु गठित होने वाली चयन समितियों के समान ही परीक्षा नियंत्रक के पद हेतु चयन समिति गठित किये जाने पर भी अनुमोदन प्रदान करते हुए चयन की अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद/कुलपति को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 30.08** **विश्वविद्यालय में औषध निर्माण विज्ञान विद्यालय (स्कूल ऑफ फार्मेसी) की स्थापना एवं इस हेतु पृथक भवन के निर्माण पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में एक नवीन स्कूल (School of Pharmaceutical and Biological Sciences) को विश्वविद्यालय में स्थापित किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ ही उक्त स्कूल हेतु एक पृथक भवन के निर्माण पर भी अपनी सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।

**मद सं0 30.09** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के नवनियुक्त शिक्षकों के स्थाईकरण सम्बन्धी प्रकरणों पर विचार।**

कार्यपरिषद के सम्मुख निम्न शिक्षकों के स्थायीकरण के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये:

| कमांक | शिक्षक का नाम एवं पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | स्थाईकरण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | डा0 नवीन कुमार गुप्ता आचार्य, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट | 26/09/2023 (अपरान्ह) | 27/09/2024 |
| 2 | डा0 विवेक सिंह वर्मा, सह आचार्य, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग | 24/08/2022 | 24/08/2024 |
| 3 | डा0 श्रवण कुमार सहायक आचार्य, बायो–केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 03/08/2022 | 03/08/2024 |

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्त सारिणी में अंकित शिक्षकों को उनके नाम के सम्मुख इंगित स्थायीकरण की तिथि से स्थायी घोषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 30.10** **विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री शत्रुघन तिवारी, चौकीदार द्वारा सेवाकाल में कृत अनेकों कदाचारों, चोरी की घटना को अंजाम देने तथा कार्यालय अवधि में शराब के सेवन के संबंध में दिये गये कारण बताओ नोटिस एवं तद्क्रम में प्रस्तुत उत्तर पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा श्री शत्रुघ्न तिवारी को तत्काल सेवा में बहाल करते हुए विश्वविद्यालय सेवा से समस्त सेवानिवृत्तिक लाभों सहित अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 30.11** **श्री वीर सिह, अटेण्डेन्ट को कदाचार के कारण दिये गये दण्ड से कार्य परिषद को संज्ञानित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद प्रकरण में कृत कार्यवाही से अवगत हुयी और विचारोपरान्त कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 30.12** **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 30.12.1** **विश्वविद्यालय की Endowment Policy पर अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।**

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत विश्वविद्यालय Endowment Policy पर निम्नोक्त सुझाव के साथ अनुमोदन प्रदान किया गयाः

1. संबंधित स्कालरशिप / अवार्ड / मेडल / सुविधा इत्यादि का नामकरण संबंधित दानदाता के नाम से किया जाए।

अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुयी।

19/11/24

(अंजू वर्मा)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 1146 / अदम / ओटीटीएससी / कार्यपरि0–30वीं कार्यवृत्त / 2024 दिनांकः 19 / 11 / 2024

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति / अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव